### दिन में हाहाकार, रात में मामूली राहत

# त्योहार की भीड़ में बाजारों में आफत बरकरार

*रक्षाबंधन जैसे भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व नज़दीक है और शहर के बाजारों में रौनक भी अपने चरम पर है, लेकिन इसके साथ ही ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था ने त्योहार की खुशियों पर ग्रहण लगा दिया है।*

हरिभूमि जबलपुर।

राखी की खरीददारी के लिए हजारों की संख्या में लोग बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन अव्यवस्थित ट्रैफिक, अतिक्रमण और प्रशासनिक लापरवाही ने हालात बद से बदतर कर दिये हैं। प्रशासन ने मुख्य बाजार क्षेत्रों में बड़े वाहन और ई-रिक्शा के प्रवेश पर रोक का आदेश ज़ारी किया है, लेकिन यह व्यवस्था सिर्फ शाम 7 बजे के बाद से लागू होती है। जबकि बाजार दोपहर 1 बजे से ही लोगों से गुलज़ार हो जाते हैं। इससे दिनभर हाहाकार मचा रहता है और रात में आंशिक राहत मिलती है। मालवीय चौक, मिलौनीगंज, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, निवाड़गंज, गल्ला मंडी और अंधेरदेव जैसे प्रमुख बाजार क्षेत्र कोतवाली, लार्डगंज, हनुमानताल, बेलबाग और ओमती थाना क्षेत्र में आते हैं। बावजूद इसके ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

### इन सुधारों की जरूरत

जानकारों और व्यापारियों की राय में यदि प्रशासन कुछ ठोस कदम उठाए, तो स्थिति को आसानी से सुधारा जा सकता है, बाजार क्षेत्र में लोडिंग-अनलोडिंग के लिए समयसीमा तय हो—रात 11 बजे के बाद या सुबह 11 बजे तक। कम से कम त्योहार खत्म होने तक ई-रिक्शा और चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर दिनभर के लिए प्रतिबंध। ट्रैफिक पुलिस को बाजार के एंट्री प्वाइंट्स—मालवीय चौक, ओमती, करमचंद चौक, मिलौनीगंज आदि पर तैनात किया जाए। जिससे वाहन बाजार में घुसने से पहले ही डायवर्ट रूट ले लें. करमचंद चौक पर पुलिस कर्मी नहीं होते, वाहन अंदर घुसते हैं, तब अधंरेदेव मोड़ पर बैरीकेडिंग मिलती है, जिससे नई तरह की परेशानी बनती है. यही हाल मालवीय चौक ओमती, मिलौनीगंज चौराहों पर भी है. वहीं सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई हो। प्रशासन और व्यापारियों के बीच नियमित संवाद स्थापित हो।



### व्यापारियों की उम्मीदों पर पानी

राखी और तीज जैसे त्योहार व्यापारियों के लिए साल की अहम कमाई का समय होता है। लेकिन इस बार ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था के चलते ग्राहक दुकानों तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। जो आते भी हैं, वो कुछ ही देर में जाम से झुंझलाकर लौट जाते हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सवाल उठ रहे हैं कि आखिर जब सबको पता है कि त्योहारों के समय भारी भीड़ होती है, तो फिर पहले से तैयारियां क्यों नहीं की जातीं? न ट्रैफिक डायवर्जन की योजना, न अवैध पार्किंग पर कार्रवाई और न ही ई-रिक्शा पर कोई नियंत्रण। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस दोनों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बद से बदतर होती स्थिति

फिलहाल तो शहर के बाजार रक्षाबंधन की तैयारी कम और जाम की त्रासदी का दृश्य अधिक पेश कर रहे हैं। अगर प्रशासन ने अब भी चेतना नहीं ली, तो आने वाले दिनों में दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

---

### पदस्थ नरसिंहपुर में, मौजूदगी जबलपुर में, डीई विवेक जसेले की आईडी से ऑपरेटर कर रहा विभागीय कामकाज

# जबलपुर से ऑपरेट हो रही नरसिंहपुर की बिजली और गोपनीय पत्राचार!

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (एमपीईबी) के कार्यपालन अभियंता (डीई) विवेक जसेले एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। पदस्थ नरसिंहपुर में हैं लेकिन अधिकांश समय जबलपुर में रहते हैं, और सबसे गंभीर बात उनकी विभागीय गोपनीय आईडी से विभागीय फाइलें, कोटेशन, ठेकेदारों के पत्राचार जैसे कार्य उनके ऑपरेटर द्वारा किए जा रहे हैं।

### नियमों को दरकिनार कर रहा सिस्टम

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आईटी प्रोटोकॉल के तहत, प्रत्येक कार्यपालन अभियंता को एक व्यक्तिगत और गोपनीय लॉगिन आईडी दी जाती है, जिसका संचालन केवल वही अधिकारी कर सकता है। लेकिन सूत्रों की मानें तो डीई जसेले ने अपनी यह गोपनीय आईडी और पासवर्ड अपने ऑपरेटर को सौंप रखी है। यही ऑपरेटर विभागीय कोटेशन तैयार करता है, अधिकारियों को पत्र जारी करता है, और ठेकेदारों से जुड़ा तकनीकी व वित्तीय काम भी निपटाता है।

### फील्ड में नहीं, मगर कंट्रोल में सब कुछ

विभागीय सूत्रों ने बताया कि डीई विवेक जसेले की पदस्थापना नरसिंहपुर संभाग में है, लेकिन वे फील्ड में बहुत कम नजर आते हैं। अधिकतर समय वे जबलपुर स्थित अपने आवास से ही सभी कार्यों का 'डिजिटल संचालन' कर रहे हैं। यह स्थिति न केवल कार्यस्थल की गंभीर उपेक्षा है, बल्कि विभाग की गोपनीयता और जवाबदेही प्रणाली पर सीधा आघात है।

### कर्मचारियों में असंतोष, विभाग मौन

सूत्र बताते हैं कि इस पूरी व्यवस्था से फील्ड स्टाफ में असंतोष है। ईमानदार अधिकारी इस प्रकरण को लेकर चिंतित हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर अब तक कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे भीतरखाने 'संरक्षण' की भी आशंका जताई जा रही है।

### जबलपुर में भी विवादों में रहे

यह पहला मौका नहीं है जब डीई जसेले पर सवाल उठे हों। जबलपुर में पदस्थापना के दौरान भी उनकी कार्यप्रणाली विवादों में रही थी। अब वही शैली नरसिंहपुर में भी जारी है बस पोस्टिंग एक जगह, कामकाज कहीं और!

### जवाब देने से बच रहे अफसर

कार्यपालन अभियंता विवेक जसेले और अधीक्षण यंत्री अमित चौहान से इस संबंध में संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

---

## मंत्री राकेश सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट से की चर्चा



**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विगत दिनों वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट के संगम कालोनी स्थित निवास पहुंचकर आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर चैतन्य भट्ट उनकी पत्नी श्रीमति पत्नी ममता भट्ट और पुत्र निखिल भट्ट ने वर्तमान मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। लोक निर्माण मंत्री ने श्री भट्ट से समसामायिक विषयों पर चर्चा की और शहर विकास पर उनसे बातचीत की। इस अवसर पर भाजपा नगर मंत्री पंकज दुबे, पार्षद अतुल जैन दानी, अभय सिंह ठाकुर, सोनू बचवानी, आदि भाजपा नेता भी मौजूद थे।

## गंदगी करने वाले डेरी संचालक के विरूद्ध की गयी चालानी कार्रवाई

**जबलपुर।** गंदगी करने और एकत्रित कचरे में आग लगाने वालों के विरूद्ध पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम के तहत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने स्वास्थ्य विभग के अमले को निर्देशित किया कि डेरी संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। निगमायुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव ने गंदगी फैलाने वाले डेरी संचालक पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया और हिदायत दी गई।

## मेजर जनरल संजय गौतम ने मुख्यालय मध्य भारत एरिया के चीफ ऑफ स्टाफ का कार्यभार संभाला



**जबलपुर।** मेजर जनरल संजय गौतम ने मध्य भारत एरिया के चीफ ऑफ़ स्टाफ का कार्यभार औपचारिक रूप से ग्रहण किया। उन्होंने मेजर जनरल पीएस दहिया से इस पदभार को ग्रहण किया, जो हालहि में शानदार सैन्य सेवा काल के उपरान्त सेवानिवृत हो चुके है। जनरल अफसर दिसंबर 1993 में भारतीय सेना में कमीशन हुए थे और उन्हें मैकनाइज़्ड इन्फेंट्री में नियुक्त किया गया था। जनरल अफसर एक अत्यंत अनुभवी और विशिष्ट सैन्य अधिकारी है। उन्हें भारतीय सेना की विभिन्न इकाइयों एवं मुख्यालयों में नेतृत्व, प्रशिक्षण और संचालन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। अपनी सेवा के दौरान, जनरल ऑफिसर ने ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन राईनो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेजर जनरल संजय गौतम ने जुलाई 2010 से सितम्बर 2012 तक कमांडिंग ऑफिसर के रूप में भारतीय सेना की एक मैकनाइज़्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट की कमान संभाली है और जून 2020 से नवंबर 2021 तक एक स्वतंत्र आर्म्ड ब्रिगेड के ब्रिगेड कमांडर के रूप में कमान संभाली।

## अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद में विविध आयोजन



**जबलपुर।** पुत्री शाला स्कूल में ड्रेस वितरण, पुरस्कार वितरण, राखी मेकिंग प्रशिक्षण एवं स्वतंत्रता दिवस क्विज़ कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष श्रीमती पूजा विद्यार्थी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आदरणीय रंजन मम्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती डॉक्टर विमला जैन के कुशल निर्देशन में हुआ। वंदना मैडम के निर्देशन में कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं राष्ट्र संत आचार्य विद्यासागर जी की छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलन करके की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों को यूनिफॉर्म वितरण किया गया। 27 छात्राओं को फर्स्ट सेकंड थर्ड आऐ उन्हें प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। पूजा विद्यार्थी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य देशभक्ति पर आधारित क्वेश्चन आंसर किए गए। जिसमें छात्राओं ने भारत के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े प्रश्नों का उत्तर दे कर अपनी ज्ञान वृद्धि का परिचय दिया। सभी विजेताओं को गिफ्ट दिया गया। प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी श्रीमती सुनीता मैक्स द्वारा राखी प्रशिक्षण का कार्यक्रम किया गया जिसमें श्रीमती मंजूषा के द्वारा राखी का प्रशिक्षण दिया गया। अंत में 150 बच्चों को स्वल्पाहार किया गया। कार्यक्रम में जिन बहनों का सहयोग प्राप्त हुआ। संभाग अध्यक्ष श्रीमती संध्या कौशल, संभाग सचिव श्रीमती श्वेता मोदी, उपाध्यक्ष श्रीमती साधना बड़कुल, कल्पना जैन, ज्योति जैन, श्रीमती प्रेमलता जैन, श्रीमती शशि प्रभा, श्रीमती प्रीति सिंघई, सचिव मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष रीता पन्नी आदि बहनों की उपस्थिति रही परिषद की इस पहल को विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने सराहा और इसे समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# बेटे के इलाज के लिए आया मजदूर पिता मेडिकल में बना ठगी का शिकार

*रिपोर्ट दिलाने के नाम पर जालसाजी, मोक्ष बना बुजुर्ग दंपति का सहारा*

हरिभूमि, जबलपुर।

नेताजी सुभाषचंद्रबोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल का परिसर एक गरीब मजदूर बुजुर्ग के लिए उम्मीद का दरवाजा नहीं, ठगी और उपेक्षा का अंधेरा बन गया। दमोह जिले के हटा निवासी तातु चमार (65) अपनी पत्नी रामरानी और बीमार बेटे बलराम (20) के इलाज के लिए 3 अगस्त को जबलपुर आए थे। गरीबी, अनभिज्ञता और व्यवस्था के अभाव में इलाज न हो पाने से पहले ही परेशान यह परिवार 6 अगस्त की शाम और भी बड़ी मुसीबत में फंस गया।



### रिपोर्ट दिलाने का दिया झांसा

शाम करीब 6 बजे डीन ऑफिस के पास टहलते हुए तातु को एक स्कूटी सवार युवक ने रोका, झांसा दिया कि वह रिपोर्ट दिलवा देगा। भरोसा दिलाकर बुजुर्ग को स्कूटी में बैठाया, 500 लिए और गेट के पास उतारकर फिर 500 और ले लिए। इसके बाद वह युवक गायब हो गया।

### मोक्ष ने कराई भोजन, रुकने की व्यवस्था

अशिक्षित, लाचार बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ बदहवास हालत में कैंपस में रोते-बिलखते मदद मांगते रहे। मोक्ष मानव सेवा समिति के आशीष ठाकुर ने जब यह देखा तो न केवल भोजन और ठहरने की व्यवस्था कराई, बल्कि मेडिकल की लचर व्यवस्था पर भी सवाल उठाए।

### कैंपस में सक्रिय नशेड़ी, ठग

मोक्ष समिति का कहना है कि वे पूर्व में भी कई बार मेडिकल प्रबंधन को कैंपस में सक्रिय नशेड़ी, ठग और आवारा तत्वों के खिलाफ चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन न सुरक्षा पुख्ता हुई और न निगरानी।

---

## गंभीर अपराधों की समीक्षा, फरारों की गिरफ्तारी के आदेश, रक्षाबंधन-जन्माष्टमी पर कड़ी सुरक्षा की तैयारी

**अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस कप्तान ने दिए सख्त निर्देश**

# अपराधियों पर शिकंजा, त्यौहारों पर रहे अलर्ट

हरिभूमि, जबलपुर।

हमारा उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि समाज में शांति और विश्वास बनाए रखना है। पुलिस की कार्यवाही निष्पक्ष, समयबद्ध और दृढ़ होनी चाहिए। यह बात बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने कहीं। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य था जिले में लंबित गंभीर अपराधों की स्थिति की समीक्षा, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, महिला अपराधों में त्वरित कार्यवाही तथा आगामी रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, ईद मिलादुन्नबी और गणेश उत्सव जैसे प्रमुख त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना। बैठक में एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी जोन 2 अंजना तिवारी, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात पल्लवी शुक्ला, एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह ठाकुर समेत कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




### विवेचना में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

कप्तान उपाध्याय ने बैठक में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी, एससी-एसटी एक्ट, महिला अपराध एवं धोखाधड़ी के प्रकरणों की थाना वार समीक्षा की गई। कप्तान उपाध्याय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गंभीर अपराधों की विवेचना शीघ्रता से पूर्ण कर चालान प्रस्तुत किया जाए। फरार आरोपियों पर इनाम घोषित करने, पतासाजी कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए। उन्होंने कहा कि जो आरोपी जिले से बाहर रह रहे हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की जाएं।

### गुमशुदा बच्चों की दस्तयाबी सर्वोच्च प्राथमिकता

धारा 363 भादवि एवं 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज अवयस्क बालक-बालिकाओं के अपहरण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कप्तान ने निर्देशित किया कि हर संभव प्रयास कर बच्चों की दस्तयाबी की जाए। यदि बच्चों के जिले से बाहर होने की सूचना मिले तो तुरंत टीम रवाना की जाए।

### महिला अपराधों में संवेदनशीलता जरूरी

महिला से संबंधित अपराधों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता पर बल देते हुए कप्तान उपाध्याय ने निर्देश दिए कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर विवेचना शीघ्र पूर्ण की जाए। महिला शिकायतों का निराकरण भी प्राथमिकता के आधार पर हो।

### जनशिकायतों और सीएम हेल्पलाइन का करे निराकरण

सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों व जनसुनवाई से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान एसपी ने दो टूक कहा कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### बदमाशों पर करो सख्त कार्यवाही

कप्तान उपाध्याय ने निर्देश दिए कि असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे तत्व त्योहारों के समय माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं, उन पर सतत निगरानी जरूरी है।

### तकनीकी सशक्तिकरण पर भी दिया जोर

बैठक में सीसीटीएनएस डिजिटल इंटीग्रेशन, ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, ई-एफआईआर, ई-चालान आदि से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा हुई। उन्होंने सीसीटीएनएस प्रभारी से तकनीकी दिक्कतों के निराकरण हेतु संवाद करने के निर्देश दिए।

### वाहनों की स्थिति और उपकरण जांचें

कप्तान उपाध्याय ने निर्देश दिए कि शासकीय वाहनों में बलवा ड्रिल सामग्री, टियर गैस, वीडियो कैमरा, लाउडहेलर और सायरन सिस्टम चालू स्थिति में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी सूचना पर भी तत्काल कार्रवाई करें, ताकि आम नागरिकों में पुलिस के प्रति सुरक्षा की भावना बनी रहे और असामाजिक तत्वों में भय।

## त्यौहारों को लेकर अलर्ट मोड में रहे

*कप्तान उपाध्याय ने कहा कि रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, ईद मिलादुन्नबी एवं गणेश उत्सव जैसे आगामी त्योहार कानून व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे एसडीएम व तहसीलदार के साथ संयुक्त भ्रमण कर संभावित विवादित स्थलों पर विशेष निगरानी रखें। भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे बाजार, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर फिक्स प्वाइंट लगाए जाएं और सादे कपड़ों में क्राइम ब्रांच की टीमें तैनात हों। पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल प्रदान किया जाएगा। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश भी दिए गए ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके।*

## खबर संक्षेप



### श्रीराम यात्रा में कथावाचक के भजनों ने बांधा समा

**मझौली।** टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा हर मंगलवार आयोजित हो रही श्रीराम यात्रा का 144वां कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 03 कोष्टा मोहल्ला स्थित कोष्टा निवास में सम्पन्न हुआ। कथा वाचक आशुतोष पौराणिक महाराज ने भगवान राम, कृष्ण एवं शिव का वेद मंत्रों से पूजन कर 56 भोग अर्पित किए। अपने प्रवचन में युवाओं को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करते हुए जीवो जीवस्य जीवनम का संदेश दिया। उनके भक्तिमय भजनों से उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में समाजसेवियों और टारगेट टीम के सदस्यों का सम्मान भी किया गया। साथ ही वृंदावन धाम में 21 अगस्त से प्रारंभ हो रही भागवत कथा एवं पंचकोशी परिक्रमा का निमंत्रण भी दिया गया।

### करियर इन कॉमर्स के क्षेत्र में सेमिनार आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में वाणिज्य विभाग के द्वारा करियर इन कॉमर्स के क्षेत्र में सेमिनार का आयोजन किया गया जिस मे मुख्य रूप से प्रमुख वक्ता के लिए डी.एन.जैन महाविद्यालय से डॉ.शैलेश जैन उपस्थित रहे जिन्होंने छात्र-छात्राओं को वाणिज्य के क्षेत्र में करियर के बारे में विस्तार से बताया एवं नई शिक्षा नीति एवं विषय के महत्व को समझने के लिए कार्य स्थल पर प्रैक्टिकल नॉलेज पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.मनोज श्रीवास्तव ने भी उपस्थित विद्यार्थियों को अपने नैतिक मूल्यों की पहचान करने पर एवं अपने स्वयं के मूल्य को पहचानने की आवश्यकताओं को समझाया कार्यक्रम में 50 विद्यार्थी सम्मिलित हुए आयोजन में विभाग के सदस्य डॉ माया,भव्या विश्वकर्मा, रागनी कुशवाहा एवं आशीष सोनी का सहयोग रहा।

### पार्टनरशिप के नाम पर 15 लाख हड़पे

**जबलपुर।** रामपुर जबलपुर निवासी के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी होने पर पीड़ित ने एसपी ऑफिस जनसुनवाई में आवेदन देकर फर्जीवाड़ा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई। पीड़ित शुभम पारेख के मुताबिक महानद्दा में प्लाई होम के नाम से दुकान का संचालन करने के साथ इंटर डेकोरेशन का काम भी किया जाता है। इसी दौरान कामाक्षी बत्तरा, दिनेश बत्तरा दिविज बत्तरा ने आकर रेस्टोरेंट खोलने के लिए एक एग्रीमेंट किया जिसमें इंटर डेकोरेशन सहित सामग्री को लेकर पार्टनरशिप की थी। जिसके बाद अचानक तीनों लोगों द्वारा पार्टनरशिप को खत्म कर पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर जबलपुर से फरार हो गए। 16 लाख रुपए का फर्जीवाड़ा कामाक्षी दिनेश और दिविज द्वारा किया गया है, जिसकी शिकायत थाने में करने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने पर एसपी से न्याय की गुहार लगाई गई है।

## शिवमहापुराण कथा में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने किया जालंधर-वृंदा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

# ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के तेजस्वी स्वरूप का दिव्य प्रतीक

हरिभूमि, जबलपुर।



श्रावण मास की पुण्य बेला में जबलपुर के सिविक सेंटर, मढ़ाताल स्थित श्री बगलामुखीफोसिद्धशुपीठ शंकराचार्य मठ में श्री शिवमहापुराण कथा और पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ जारी है। मठ परिसर में रोज़ाना गूंज रही ॐ नमः शिवाय की अनुगूंज ने समस्त वातावरण को शिवमय कर दिया है। भक्तों का उत्साह, आस्था और शिवभक्ति का प्रवाह दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। इस पुण्य आयोजन में पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने शिवमहापुराण की ज्ञानगंगा से श्रद्धालुओं को पावन किया। कथा के दौरान उन्होंने भक्तों को जालंधर-वृंदा प्रसंग के माध्यम से सत्य, धर्म और भगवान शिव की अपरंपार महिमा का भव्य चित्रण प्रस्तुत किया।

### देवउठनी एकादशी इसलिए मनाई जाती हैं

वृंदा को जब इस छल का पता चला तो वह अत्यंत क्रोधित हुई और भगवान विष्णु को शिला रूप में परिणत होने का श्राप दे दिया। भगवान विष्णु ने उस श्राप को सहर्ष स्वीकार करते हुए वृंदा को आशीर्वाद दिया कि वह तुलसी के रूप में धरती पर पूजनीय होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कार्तिक शुक्ल एकादशी को उनका विवाह तुलसी से संपन्न होगा यही देवउठनी एकादशी कहलाती है, जो आज भी पूरे भारतवर्ष में शालिग्राम तुलसी विवाह के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है।

### वृंदा की पतिव्रता शक्ति और शिव की न्याय लीला

महाराज श्री ने बताया कि जालंधर का जन्म भगवान शिव के रौद्र रूप से हुआ था। उसने दानवों के राजा के रूप में देवताओं को पराजित कर स्वर्ग तक हिला दिया था। उसका विवाह कालनेमि की पुत्री वृंदा से हुआ, जो भगवान विष्णु की परम भक्त और पतिव्रता नारी थीं। वृंदा की शुद्ध भक्ति और सतीत्व की शक्ति के कारण जालंधर अजेय बना रहा।

### ऐसे हुआ जालंधर का वध

देवताओं ने जब इस अजेयता से घबरा कर भगवान विष्णु से सहायता मांगी, तब उन्होंने माया का आश्रय लिया। भगवान विष्णु ने जालंधर का रूप धारण कर वृंदा के सतीत्व को भंग किया। जैसे ही वृंदा का पतिव्रत नष्ट हुआ, उसी क्षण जालंधर की शक्ति क्षीण हो गई और भगवान शिव ने उसका वध कर दिया।

### ज्योतिर्लिंगों की पूजा से मिलता है चिरशांति और मोक्ष

कथा को आगे बढ़ाते हुए ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी ने भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि ज्योतिर्लिंग केवल पत्थर नहीं, बल्कि स्वयं शिव के प्रकाश रूप का प्रतीक हैं। ये उन स्थानों पर प्रकट हुए जहाँ शिव ने स्वयं को ज्योति रूप में प्रकट किया। इनका दर्शन और पूजन करने से समस्त पापों का नाश होता है, और साधक को भौतिक व आध्यात्मिक दोनों ही सुखों की प्राप्ति होती है।

### प्रतिदिन पाठ के जाप से हरते हैं कष्ट

उन्होंने यह भी बताया कि शिवमहापुराण की ज्ञानसंहिता और कोटिरुद्रसंहिता में प्रत्येक ज्योतिर्लिंग के साथ उसके उपलिंग का भी विवरण मिलता है, जिनकी साधना और स्मरण से सिद्धियों का साक्षात्कार होता है। प्रतिदिन प्रातःकाल जो भक्त बारहों ज्योतिर्लिंगों के नामों का पाठ करता है, उसके समस्त पाप नष्ट होते हैं और उसे शिव की अपार कृपा प्राप्त होती है।

### भक्ति में लीन रहे श्रद्धालु

आज के इस पावन आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से माला सिंह, सुजाता सिंह, पद्मा मेनन, नीता पटेल, प्रतीक्षा सिंह, हर्षित तिवारी, चित्रा महावर, राजू, रानू गुप्ता, आराधना आशीष चौकसे, नेहा गुप्ता, ऋचा, प्रीति, पीयूष दुबे, तुलसी अवस्थी, सुनील गुप्ता, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, मीडिया प्रभारी मनोज सेन आदि श्रद्धालुओं ने शिव महिमा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### शिखा जाट ने चैम्पियन ऑफ चैम्पियन खिताब जीता

## नेशनल पंजा कुश्ती में मप्र खिलाड़ियों ने जीते 10 मैडल



**जबलपुर।** गोंहाटी (असम) में आयोजित 42वीं राष्ट्रीय पंजा कुश्ती चैम्पियनशिप जूनियर, सीनियर, मास्टर एवं डिसेबिल्ड प्रतियोगिता में मप्र महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड, तीन सिल्वर एवं चार कांस्य पदक जीते। महिला वर्ग में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का खिताब शिखा जाट ने जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की सफलता पर महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, नईम खान एवं सतीश यादव ने खिलाड़ियों व आफिसियल के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लालिमा सिंह राजपूत ने ब्लैक बेल्ट डॉन डिग्री प्राप्त की

## राष्ट्रीय कराते में मप्र टीम को मिले 35 मैडल



**जबलपुर।** ऑल इंडिया शितो रियू एसोसियेशन के 19 छात्रों का चयन 01 अगस्त को गुजरात के गोधरा शहर के लूनावाड़ा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए किया गया था, जिसमें ऑल इंडिया शितो रियू कराते स्पोर्ट्स के चीफ और हेड शिहान मोहम्मद नफीज द्वारा प्रशिक्षित सभी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 35 मैडल प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया। जिसमें स्वर्ण पदक विजेता धैर्य रजक, जीशान हसन, काव्या, जैनब, आरना, वेदांत, रजत पदक विजेता सारांश, आर्य, नित्या, अथर्व, वैभव, दिशा, दानिश, शनाया, कांस्य पदक विजेता प्रक्वल, शिवम, जरिन एवं कलब बेल्ड के अन्य छात्रों ने भाग लिया, ब्लैक बेल्ट अनिरुद्ध ने प्राप्त किया, वहीं लालिमा सिंह राजपूत ने ब्लैक बेल्ट डॉन डिग्री प्राप्त की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जाहिद हसन, संदीप कुमार श्रीवास, क्राइस्ट चर्च सालीवाड़ा प्राचार्य सितिज सिरिल जैकब, युसूफ सैफी, ले. कर्नल प्रियांक अगस्त्य ने हर्ष व्यक्त किया।

**CHANGE OF NAME**

I, was known as **Shamsuddin Sheikh** I, have change the spelling of my first name and hence forth I, shall be known as **Samsuddin Sheikh s/o Shahadat Khan Sheikh** resident of 47, Old P P Colony, Gwarighat Road, Polipathar, Jabalpur, M.P., 482008.

### पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर एक्सीलेंस द्वारा बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर, गढ़ाफाटक में एक प्रेरणादायक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रचनात्मक कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन अशोक साहू, सचिव रोटेरियन अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन शैलेंद्र जेठा, रोटेरियन अमित जैन और रोटेरियन पवन केशरवानी, रोटेरियन आशीष जैन जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय ने विशेष रूप से प्रतियोगिता की सराहना की और बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने रोटरी क्लब की इस पहल को विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली सराहनीय पहल बताया।

### गुरुनानक महिला महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न



**जबलपुर।** श्री गुरुनानक महिला महाविद्यालय में सत्र 2025-26 की नव प्रवेशित छात्राओं के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी के द्वारा आयोजन की सफलता हेतु वरिष्ठ सदस्य डीएस मैनी अध्यक्ष, जीएस बांगा उपाध्यक्ष, परमजोत सिंह बांगा सचिव रविन्दर सिंह दुआ ने शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विमलकांत सैनी के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्राओं को कॉलेज के मूल्यों, नीतियों एवं शिक्षण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी एवं छात्राओं को जीवन में हर कार्य को ईमानदारी एवं निष्ठा से करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. विधि जैन ने किया एवं सभी सहायक प्राध्यापकों और छात्राओं का सहयोग रहा।

## एक किमी कच्ची सड़क के कारण लगाने पड़ रहे दस किलोमीटर के चक्कर



**बरेला।** जहां एक और शासन छोटे-छोटे पहुंच मार्गों को मुख्य पहुंच मार्गो से जोड़ने प्रयासरत है इसके लिए शासन के लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से सड़को को एक गांव से दूसरे गांव तक जोड़ा जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ बरेला परिक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कुछ गांव ऐसे हैं जहां पर आधे एक किलोमीटर की कच्ची सड़के लोगों के लिए बारिश में परेशानी का सबब बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गाडरखेड़ा से सिहोरा पहुंच मार्ग एवं लहंगी से सिहोरा, मलारा पहुंच मार्ग से मिड़की मार्ग मैं आज तक डामलीकरण ना होने से इन दिनों ग्रामीणजन परेशानी से गुजर रहे हैं। बारिश के मौसम में वाहनों का चलना तो दूर की बात है राहगीरों का पैदलचलना भी समस्या का बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र केइन मार्गो की लंबाई बमुश्किल एक किलोमीटर और आधा किलोमीटर के लगभग हैं किंतुइन पहुंच मार्गो के डामलीकरण करने हेतु ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग की जा रही है परंतु आज तक डामलीकरण का कार्य नहीं किया गया। स्थानीय लोगों पंडित अरविंद तिवारी जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, आनंतराम पटेल, विपिन झारिया, राम जी रैकवार, जगदेव पटेल सहित क्षेत्र के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनों ने लोक निर्माण मंत्री एवं जिला कलेक्टर से उक्त पहुंच मार्गों के डामलीकरण करने की मांग की है ताकि राहगीरों को इस समस्या से निजात मिल सके।

## महाकाल मंदिर से शारदा देवी मंदिर तक कांवड़ यात्रा निकाली



**बरेला।** सावन सोमवार के पवित्र पावन मास में देवो के देव महादेव की आराधना,पूजन भजन में हर भारतवासी मगन है। शारदा मंदिर रिछाई के नवयुवक, महिलाओं के साथ बच्चों ने भी पांच किलोमीटर की कांवड़ यात्रा नर्मदा जल लेकर गाजे बाजे के साथ बोल बम के नारे लगाते हुए निकाली। भगवान श्री शंकर पार्वती के मंदिर में संयोजक, सरपंच आशीष शुक्ला ने भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए पूजन , आरती की। सभी कांवड़ियों को समाजसेवी अरविन्द तिवारी, शारदा तिवारी, मंदिर व्यस्थापक अभय शुक्ला द्वारा प्रसाद भंडारा कराया गया। इस अवसर पर पर अनुष्का शुक्ला,अंश शुक्ला,मुन्ना झारिया, पप्पू विश्वकर्मा,सोनू श्रीवास्तव ने, पप्पू राहुल झारिया, खजांची पटेल, दिनेश झारिया,दीपक साहू,चेतू रजक,बजारी झारिया, सुरेश विश्वकर्मा, सुरेन्द्र यादव ,गज्जू ठाकुर ,राजू झारिया, दिन्नू यादव, सीमा विश्वकर्मा,रमा,प्रेमबाई,बरखा, बैजन्ती,राधा, झारिया, लल्ला यादव, रूपेन्द्र यादव, राकेश झारिया, लट्टू झारिया, रमाकांत,रतन, विकास, तीरथ, विशाल कुशवाहा,भारत झारिया, सहित अन्य समिति जन उपस्थित रहे।



## युवाओं को केंद्र में रखकर एग्री-स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की पहल : डॉ. मनदीप शर्मा

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान में संचालित भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एग्री स्टार्टअप्स संवर्धन का कार्य 2018-19 से संचालित होता आ रहा है। वर्तमान वर्ष तक एग्री-स्टार्टअप्स के 6 बैच को भारत सरकार की उच्चस्तरीय अनुसंशित कमेटी द्वारा चयनित किया गया। छठवें बैच के 12 स्टार्टअप्स कंपनी एवं जवाहर-राबी के मध्य अनुबंध (**MOA**) का आदान-प्रदान करने हेतु 3 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका समापन नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मुख्यआतिथ्य एवं जनेकृविवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। मुख्यअतिथि की आसंदी से वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप सिंह ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा उद्यमिता, विकास एवं ग्रामीणों को नई दिशा प्रदान करने के प्रयास की सराहना की। डॉ. शर्मा ने युवाओं को केन्द्रित कर एग्री-स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित किये जाने के कार्य को जनेकृविवि कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा को बधाई दी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जनेकृविवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि कृषि की भूमिका एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने एवं सुदृढ़ करने की दिशा में एग्री स्टार्टअप्स एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आपने जवाहर राबी द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को इस हेतु आकर्षित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा अनुबंध का आदान-प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, सचांलक प्रक्षेत्र एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आनीता बब्बर, कुल सचिव डॉ. ए.के. जैन, लेखा नियंत्रक श्रीमति संजू तिवारी, उप लेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, विभागाध्यक्ष, वानिकी विभाग डॉ. बी.एस. द्विवेदी सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26 दिनांक 06/0/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भारत पाल पिता स्व. श्रीनाथ पाल ने वार्ड क्रमांक 66 वाई का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक EWS भूखण्ड क्र. 100 सम्पत्ति पिन क्रमांक 1004260611 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 400 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 240 RCC GF वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री बलदेव होलानी पिता स्व. श्री हरि प्रसाद होलानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26 दिनांक 06/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजित कुमार पिता श्री एन.पी. सिंह ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वर दास रोहाणी के भवन क्रमांक बी-86 प्रियदर्शनी कालोनी जबलपुर के सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000363784 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1900 GF RCC जिस पर निर्मित प्लाट 2400 वर्गफुट, प्रथम तल 1300 वर्गफुट, द्वितीय तल 200 RCC वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति सीमा सिंह पति श्री अमित कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुभाग गोरखपुर जिला जबलपुर म.प्र.**
रा. प्र. क्र.022/अपील/2025-26

01- श्री मानसिंह पिता स्व.श्री फूलसिंह निवासी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र.।02-श्रीमति पार्वती बाई बेबा स्व. श्री राजेश कुमार लोधी निवासी मकान नंबर 104 लोधी मोहल्ला शंकर मंदिर के पास मसन्धा जिला कटनी।03-श्री उमेश कुमार पिता श्री मानसिंह निवासी खुलरी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. ....................................अपीलार्थीगण

**विरूद्ध** 01-श्री पूरनसिंह कटारिया, मनोज कटारिया दोनों पिता स्व.श्री गोदनदास निवासी 1150 नेपियर टाउन, जबलपुर । 02- श्री रामदर्शन श्रीवास पिता स्व. श्री बाबूलाल श्रीवास 03- श्री कमलेश कुमार श्रीवास पिता स्व.श्री बाबूलाल श्रीवास 04- श्री रामगोपाल श्रीवास पिता स्व. श्री बाबूलाल श्रीवास 05-श्री संतोष कुमार श्रीवास पिता स्व. श्री बाबूलाल श्रीवास 06-श्री अशोक कुमार श्रीवास पिता स्व. श्री बाबूलाल श्रीवास सभी निवासी 226 रानीदुर्गावती वार्ड गढ़ा जबलपुर म. प्र.।.......................गैरअपीलीगण

**// आम - सूचना एवं इश्तहार //**

एतद् द्वारा गैरअपीलार्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण श्री मानसिंह पिता स्व. श्री फूलसिंह वगैरह निवासी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. द्वारा नामांतरण पंजी क्रमांक 204 आदेश दिनांक 09/01/1979 से व्यथित होकर अपील गैर अपीलार्थीगण श्री पूरन सिंह कटारिया, मनोज कटारिया दोनों पिता स्व. श्री गोदनदास एवं अन्य 05 निवासी 1150 नेपियर टाउन जबलपुर म. प्र. से व्यथित होकर अपील म. प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा सगड़ा नं. बं. 421 पं. ह. नं. 28/33 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 89/1 रकवा 0.570 वर्गफुट हे. भूमि संपत्ति पर दर्ज श्री पूरन सिंह कटारिया, मनोज कटारिया दोनों पिता स्व. गोदनदास कटारिया निवासी 1150 नेपियर टाउन, जबलपुर म. प्र. के नाम पर दर्ज भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 14/08/2025 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं एवं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दावे एवं आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते हैं।

नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण-दोष के आधार पर किया जावेगा।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद- मुद्रा से जारी किया गया।

मुद्रा अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुभाग गोरखपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुभाग गोरखपुर जिला जबलपुर म.प्र.**
रा. प्र. क्र. /अपील/2025-26

01-श्री मानसिंह पिता स्व.श्री फूलसिंह निवासी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. । 02-श्रीमति पार्वती बाई बेबा स्व. श्री राजेश कुमार लोधी निवासी मकान नंबर 104 लोधी मोहल्ला शंकर मंदिर के पास मसन्धा जिला कटनी। 03-श्री उमेश कुमार पिता श्री मानसिंह निवासी खुलरी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. ...............................अपीलार्थीगण

**विरूद्ध** 01- श्रीमति फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदन महल, जबलपुर ...............................गैरअपीलीगण

**// आम-सूचना एवं इश्तहार //**

एतद् द्वारा गैरअपीलार्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण श्री मानसिंह पिता स्व. श्री फूलसिंह वगैरह निवासी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. द्वारा नामांतरण पंजी क्रमांक 204 आदेश दिनांक 09/01/1979 से व्यथित होकर अपील गैर अपीलार्थीगण फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदनमहल जबलपुर से व्यथित होकर अपील म. प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा सगड़ा नं. बं. 421 पं. ह. नं. 28/33 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 89/1 रकवा 0.517 वर्गफुट हे. भूमि संपत्ति पर दर्ज श्रीमति फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदनमहल जबलपुर म.प्र. के नाम पर दर्ज भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 14/08/2025 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं एवं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दावे एवं आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते हैं।

नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण-दोष के आधार पर किया जावेगा।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुद्रा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुभाग गोरखपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.)




**डॉ. भूपेंद्र सिंह तिवारी-** शाहनगर पन्ना निवासी डॉ. भूपेंद्र सिंह तिवारी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र बहादुर सिंह चौहान-** एकता विहार रतन नगर निवासी श्री महेंद्र बहादुर सिंह चौहान (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती नीता मल्होत्रा-** भूमिका अपार्टमेंट कटंगा निवासी श्री सतीश कुमार मल्होत्रा की धर्मपत्नी श्रीमती नीता मल्होत्रा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सोनी लाल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई बंशकार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुनिया बैगा-** पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री भुर्री लाल बैगा की धर्मपत्नी श्रीमती पुनिया बैगा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई छीपा-** राधाकृष्णन वार्ड प्रेमसागर रोड निवासी श्री मोहन लाल छीपा की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई छीपा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश विश्वकर्मा-** सुभाष नगर महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री रमेश विश्वकर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोती लाल-** एलआईजी 21, हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री मोती लाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विजय कुमार श्रीवास्तव-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री विजय कुमार श्रीवास्तव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लख्खू नरवरिया-** खटीक मोहल्ला खेरमाई निवासी श्री मोहन लाल नरवरिया के पुत्र श्री लख्खू नरवरिया (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोहन लाल वर्मा-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री मोहन लाल वर्मा (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गनेश प्रसाद सोनी-** गोपाल सदन गोपालबाग निवासी श्री गनेश प्रसाद सोनी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव-** ब्यौहारबाग निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनंतानंद मिश्रा-** गली नं. 3, बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री अनंतानंद मिश्रा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उमा शंकर श्रंगी-** समदड़िया कॉलोनी कांचघर निवासी श्री उमा शंकर श्रंगी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. सुरेंद्र दुबे-** रामेश्वरम कॉलोनी उखरी रोड निवासी डॉ. सुरेंद्र दुबे (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।




### शासकीय महाविद्यालय गढ़ा में उद्यमिता शिविर का आयोजन

**जबलपुर।** शासकीय महाविद्यालय गढ़ा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के अंतर्गत उद्यमिता शिविर का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक पी आर चंदेल करने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं स्वरोजगारों की जानकारी दी। पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस की प्राचार्य प्रोफेसर अल्केश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज का समय नए विचारों के साथ एवं सीखो कमाओ की भावना को लेकर आगे चलने का है प्रोफेसर अरुण शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों को नित्य नए विचारों से युक्त होना चाहिए एवं रोजगार के नए अवसर खोजना चाहिए संपूर्ण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के नोडल अधिकारी प्रोफेसर अरुण शुक्ला के मार्गदर्शन में एवं प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर मनीष कॉल के मार्गदर्शन में हुआ।

## पीएम मोदी ने 'कर्तव्य भवन' की तस्वीरें शेयर की

# अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को संकल्प और प्रयासों का प्रतीक बताया

यह न केवल हमारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेजी से पहुंचाने में मददगार बनने वाला है बल्कि इससे देश के विकास को भी एक नई गति मिलेगी, इसे राष्ट्र को समर्पित कर गौरवान्वित हूं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर बने 'कर्तव्य भवन' का उद्घाटन कर दिया है। उन्होंने 'कर्तव्य भवन' से जुड़ी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। उन्होंने इस अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को देश के विकास और जनसेवा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। पीएम मोदी ने एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, कर्तव्य पथ पर 'कर्तव्य भवन' जन-जन की सेवा के प्रति हमारे अटूट संकल्प और निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। यह न केवल हमारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेजी से पहुंचाने में मददगार बनने वाला है, बल्कि इससे देश के विकास को भी एक नई गति मिलेगी। इस भवन को राष्ट्र को समर्पित कर बहुत ही गौरवान्वित हूं।




### राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर बने 'कर्तव्य भवन' का किया उद्घाटन

### निर्माण में लगे श्रमयोगियों की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में 'कर्तव्य भवन' के निर्माण में लगे श्रमयोगियों की तारीफ की। इसे गढ़ने वाले हमारे श्रमयोगियों की अथक मेहनत और संकल्प-शक्ति का आज देश साक्षी बना है। उनसे संवाद कर अत्यंत प्रसन्नता हुई है।

### पर्यावरण संरक्षण को किया रेखांकित

पीएम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने एक पौधा भी लगाया। पीएम ने लिखा, कर्तव्य भवन' के निर्माण में पर्यावरण संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया है।

### 'कर्तव्य भवन-3' सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का हिस्सा

'कर्तव्य भवन-3' सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का हिस्सा है और यह आगामी कई सामान्य केंद्रीय सचिवालय भवनों में पहला होगा, जिसका उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों को एक ही छत के नीचे लाना है। महत्वपूर्ण मंत्रालय पुराने भवनों में कर रहे हैं, जो 1950 से 1970 के दशक के हैं।

### आज करेंगे स्वामीनाथन शताब्दी सम्मेलन का उद्घाटन

हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन के जन्मशती के अवसर पर 7 अगस्त को नई दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। एवरग्रीन रिवॉल्यूशन -बायो हैप्पीनेस का मार्ग थीम पर आधारित यह 3 दिवसीय सम्मेलन प्रो.वामीनाथन की विरासत को सम्मानित करेगा, जिन्होंने भारत को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दिया।

### डाक टिकट-सिक्का भी जारी करेंगे

9 अगस्त तक चलने वाले इस सम्मेलन में वैश्विक विशेषज्ञ, नीति निर्माता, और हितधारक टिकाऊ कृषि और 'एवरग्रीन रिवॉल्यूशन' के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श करेंगे। पीएम मोदी प्रो. स्वामीनाथन के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी करेंगे।

**टिकाऊ कृषि के भविष्य पर रहेगा फोकस**

डॉ. सौम्या स्वामीनाथन, एमएसएसआर एफ की चेयरपर्सन ने बताया कि यह सम्मेलन टिकाऊ कृषि के भविष्य को वैश्विक स्तर पर होगा।

### भारत की हरित क्रांति के शिल्पकार थे प्रो. स्वामीनाथन

डॉ. स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में हुआ। 28 सितंबर, 2024 को 98 वर्ष की उम्र में उनका



निधन हो गया। हरित क्रांति के शिल्पकार इस महान कृषि वैज्ञानिक के जन्म के 2025 में 100 साल पूरे हो रहे हैं। वर्ष 2004 में गठित राष्ट्रीय किसान आयोग ने 2006 तक कुल 5 रिपोर्ट्स प्रस्तुत कीं। इसकी सबसे चर्चित सिफारिश थी एमएसपी को सी2 लागत पर तय किया जाए, ताकि किसानों को न्यायोचित मूल्य मिल सके।

---

## खबर संक्षेप

### 3 बेटियों का गला रेता खुद की काटी गर्दन

**नमक्कल।** तमिलनाडु के नमक्कल जिले के वेप्पगौंडनपुथुर गांव से एक रौंगटे खड़े कर देने



वाली घटना सामने आई है। एम. गोविंदराज ने 3 नाबालिग बेटियों की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी और फिर खुद अपना गला रेतकर आत्महत्या कर ली। उसने पत्नी और बेटे को अलग कमरे में बंद कर दिया था।

### पूर्व मंत्री स्वामी पर भरे चौराहे पर किया हमला

**कानपुर।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का साथस मोटल चौराहा पर स्वागत हो रहा था। इस दौरान दो



युवकों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद समर्थकों ने दोनों युवकों को पीटा। पुलिस ने पिटाई करने वाले दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। सीओ सदर अमित सिंह ने कहा पकड़े गए युवकों की अभी पहचान नहीं हुई है।

### एल्विश के खिलाफ ट्रायल की कार्यवाही पर रोक


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ चल



रही सांप के जहर से जुड़ी आपराधिक कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस देकर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई तक निचली अदालत में सुनवाई नहीं होगी।

### 'नाली का कीड़ा नाली में ही अच्छा लगता है'

**वृंदावन।** संत प्रेमानंद महाराज ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। उन्होंने अपने सत्संग में कहा कि



बुरे आचरण करने वालों को उपदेश अच्छे नहीं लगते। नाली का कीड़ा नाली में ही अच्छा लगता है, उसे अमृत कुंड में डालोगे तो अच्छा नहीं लगेगा। आजकल सही रास्ते पर चलना बड़ा कठिन काम है।

---

## संसद में विपक्ष के हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक

# चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था, लोकसभा में एसआईआर पर नहीं की जा सकती चर्चा

बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लोकसभा में चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। सदन में चर्चा की अनुमति नहीं दे सकते।




**मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन, सदन में चर्चा की अनुमति नहीं दी जा सकती**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) के खिलाफ विपक्ष संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। इस पर कई दिनों से हंगामा जारी है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लोकसभा में चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है और नियम ऐसे मुद्दों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते जो अदालत में लंबित हैं।बुधवार को भी बिहार में एसआईआर के खिलाफ विपक्ष ने संसद में जमकर हंगामा किया, जिसके चलते दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

### ऐसे मामलों की नहीं हो सकती संसद में बहस



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा कि लोकसभा के नियम न्यायालय में विचाराधीन मामलों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव आयोग जैसी स्वायत्त संस्थाओं के कामकाज पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने सदस्यों से प्रमुख विधेयकों के पारित होने के दौरान बहस में भाग लेने का आग्रह किया।

**सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई**

सरपर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट इस मामले पर 12 अगस्त को सुनवाई कर सकता है। कोर्ट ने सर के खिलाफ याचिका दायर करने वाली राजनीतिक पार्टियों से भी 8 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा है। चुनाव आयोग ने मीडिया में एक पोस्ट में बताया कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने 6 अगस्त (सुबह 9 बजे) तक एसआईआर को लेकर कोई आपत्ति दायर नहीं की है।

**खरगे बोले**

### 'सर' पर संसद में चर्चा चाह रहा विपक्ष, सरकार नकार रही

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टियां बिहार में चल रही 'विशेष गहन



पुनरीक्षण' (एसआईआर) यानी मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। खरगे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से इनकार करती है, तो इसे ऐसा माना जाएगा कि वह लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। उन्होंने कहा कि सर पर चर्चा बेहद जरूरी है ताकि हर भारतीय नागरिक के मतदान के अधिकारों की रक्षा की जा सके। खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार एसआईआर पर चर्चा से बच रही है, जिससे शक पैदा होता है कि वह जानबूझकर इस मुद्दे को नजरअंदाज कर रही है।

**विपक्ष की चिंता**

विपक्षी दलों का कहना है कि बिहार में सर की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और इससे कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा सकते हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। इसी वजह से वे इस पर संसद में खुली बहस चाहते हैं। खरगे ने यह भी कहा कि कि अगर सरकार वाकई में लोकतांत्रिक मूल्यों को मानती है, तो उसेइस पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए।

**बिहार में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं के नाम**

### शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से शनिवार तक मांगी जानकारी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश दिया है कि वह बिहार के ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए करीब 65



लाख मतदाताओं की पूरी जानकारी 9 अगस्त तक पेश करे। यह जानकारी उन राजनीतिक दलों के साथ-साथ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) नाम की एनजीओ को भी दी जाए, जिसने इस मुद्दे पर याचिका दाखिल की है। बिहार में 24 जून को 'विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान (सर)' शुरू किया था।

**जो नाम हटाए गए जानकारी दें**

जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि हमें हर उस वोटर की जानकारी चाहिए जिसका नाम हटाया गया है। ये देखें कि किस आधार पर नाम हटे हैं। वहीं एनजीओ की तरफ से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि, 'राजनीतिक पार्टियों को हटाए गए वोटरों की लिस्ट दी गई है,लेकिन जानकीर नहीं है।

**एडीआर ने की मांग**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने मांग की है कि 65 लाख हटाए गए नामों की पूरी सूची प्रकाशित की जाए। हर नाम के साथ यह भी बताया जाए कि उसे क्यों हटाया गया, कारण साफ हो।

### चुनाव आयोगः अपात्रों को हटा रहे

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने हलफनामा देकर कहा कि हम वोटर लिस्ट को साफ करने का काम कर रहे हैं। हमारा




मकसद है कि अपात्र लोग हटें और केवल सही लोग वोटर लिस्ट में रहें। इसमें मौत की वजह से करीब 22.34 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। वहीं स्थायी रूप से दूसरी जगह चले गए करीब 36.28 लाख मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से हटाए घए हैं। वहीं जिन मतदाताओं के नाम दो जगहों पर थे उनकी संख्या करीब 7.01 लाख है।

### लोकसभा में हंगामे के बीच मर्चेंट शिपिंग (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित



लोकसभा में बुधवार को विपक्ष के भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच मर्चेंट शिपिंग (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक भारत के समुद्री कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने और समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता, और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए पेश किया गया था।

**विधेयक के प्रमुख प्रावधान**

*केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा पेश किए गए इस विधेयक का उद्देश्य 1958 के मर्चेंट शिपिंग अधिनियम में व्यापक बदलाव करना है। इसके मुख्य प्रावधानों में शामिल हैं*

**जहाजों की परिभाषा का विस्तारः** इसमें मोबाइल अपतटीय ड्रिलिंग इकाइयां, पनडुब्बियां और नॉन डिस्प्लेसमेंट क्राफ्ट्स यानी गैर-विस्थापन शिल्प को शामिल किया गया है।

**रिसाइक्लिंग के लिए अस्थायी पंजीकरणः** इसमें गुजरात के अलंग जैसे शिप-ब्रेकिंग केंद्रों में गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

**समुद्री शिक्षा का विनियमनः** इसमें समुद्री प्रशासन महानिदेशक को भारतीय नाविकों के प्रशिक्षण और शिक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप नियंत्रित करने का अधिकार देता है।

### नया इनकम टैक्स बिल 11 को पेश होने की संभावना




सरकार जल्द ही नया इनकम टैक्सबिल संसद में पेश कर सकती है। यह बिल 11 अगस्त को लोकसभा में टेबल हो सकता है। हालांकि इसमें और संशोधन के लिए इसे सर्दियों के सत्र तक टालने की संभावना भी जताई जा रही है। यह बिल मौजूदा मानसून सत्र के एजेंडे में सूचीबद्ध है।नए इनकम टैक्स बिल का उद्देश्य 1961 के पुराने आयकर अधिनियम को सरल और आधुनिक बनाना है।

---

**देश के लिए खुशखबर**

### 1 नहीं, 3-3 वंदे भारत को पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में सभी राज्यों में अब वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। इससे न सिर्फ यात्रियों का समय बचता है, बल्कि उन्हें अच्छी सुविधाएं भी ट्रेन में मिलती है। अब रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब एक नहीं, बल्कि 3-3 नए रूटों पर वंदे भारत ट्रेनें 31 अगस्त को लॉन्च होने जा रही हैं। खुद पीएम मोदी इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री जिन 3 नई वंदे भारत



को लॉन्च करने जा रहे हैं, उसमें एक बेंगलुरु-बेलगावी वंदे भारत है। इसके अलावा, नागपुर के अजनी से पुणे और अमृतसर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा के लिए चलाई जाएगी। पीएम मोदी रविवार को कर्नाटक दौरे पर हैं और वहीं से हरी झंडी दिखाएंगे।

**उत्तराखंड में बादल फटने की त्रासदी**

### प्रियंका ने जताया दुख, हिमाचल के साथ वायनाड का किया जिक्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से हुई भयावह त्रासदी ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 50 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। खीर गंगा नदी में सैलाब और मलबे ने धराली के बाजार, घरों और होटलों को तहस-नहस कर दिया।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे हिमाचल प्रदेश और वायनाड में हाल ही में हुई ऐसी ही



त्रासदियों से जोड़ा। प्रियंका ने दिल्ली में मीडिया से कहा,यह बहुत ही दुखद घटना है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और वायनाड में ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। वायनाड की आपदा का जिक्र करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति चिंताजनक है।

**मुख्यमंत्री रेवंत ने सांसदों के साथ दिल्ली में किया प्रदर्शन**

बड़ी संख्या में तेलंगाना कांग्रेस के कार्यकर्ता रहे शामिल

### राष्ट्रपति से विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देने की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर एक बड़ा प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मकसद था तेलंगाना विधानसभा द्वारा पास किए गए पिछड़ा वर्ग (बीसी) आरक्षण बिलों को राष्ट्रपति की मंजूरी दिलवाना। रेड्डी के साथ बड़ी संख्या में तेलंगाना कांग्रेस के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर इन बिलों को लटका रही है।मार्च 2025 में तेलंगाना विधानसभा ने दो



अहम बिल पास किए थे, जिनमें पिछड़े वर्गों (बीसी) को शिक्षा, नौकरियों और स्थानीय निकायों में 42फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान है। बिल पास होने के बाद राज्यपाल के जरिए इन्हें राष्ट्रपति के पास भेजा गया, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिली है।

**राष्ट्रपति से अपॉइंटमेंट नहीं मिला**

रेड्डी ने कहा कि हमने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा, लेकिन अब तक अपॉइंटमेंट नहीं मिला। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री और अमित शाह राष्ट्रपति पर दबाव बना रहे हैं कि तेलंगाना के लोगों से मुलाकात न हो। हम ओबीसी समाज के साथ हैं, राहुल गांधी ओबीसी समर्थक हैं, जबकि पीएम ओबीसी विरोधी हैं। अगर मोदी ये आरक्षण मंजूर करते हैं तो ठीक, वरना हम उन्हें हराकर राहुल को प्रधानमंत्री बनाएंगे और 42 फीसदी आरक्षण दिलवाकर रहेंगे।

---

**सुप्रीम कोर्ट ने डीएमके सरकार को दी राहत**

मद्रास हाईकोर्ट का आदेश पलटा

### मुख्यमंत्री के नाम के इस्तेमाल के खिलाफ दायर याचिका अनुचित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु की डीएमके सरकार को राहत देते हुए मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को पलट दिया। हाईकोर्ट ने 31



जुलाई को आदेश में डीएमके सरकार को कल्याणकारी योजनाओं में वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल न करने को कहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर अन्नाद्रमुक नेता सीवी षणमुगम को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नाम के इस्तेमाल के खिलाफ दायर याचिका अनुचित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

**सांसद पर जुर्माना, 7 दिन में 10 लाख रुपए जमा करें**

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु की राजनीति से जुड़ी एक अहम याचिका पर बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुख्यमंत्री स्टालिन के नाम से चल रही योजनाओं पर रोक लगाई गई थी। एआईएडीएमके सांसद सी वी शन्मुगम को फटकार लगाते हुए 10 लाख रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया।चीफ जस्टिस बी आर गवई की बेंच ने कहा कि कोर्ट को राजनीतिक विवाद सुलझाने का मंच नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने सांसद को 7 दिन के भीतर जुर्माना जमा करने को कहा और यह राशि गरीबों के कल्याण पर खर्च करने के निर्देश दिए।

**अब एनसीईआरटी की 8वीं की किताब से मचा बवाल**

### मेवाड़, मराठा साम्राज्य को नक्शे पर गलत दिखाने पर विवाद

एजेंसी ▶▶ उदयपुर

इतिहास से जुड़े विवाद अक्सर सामने आते रहते हैं। बीते दिनों से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिसने न सिर्फ इतिहाकारों में नई बहस छेड़ दी। वहीं इनके चलते राजनीति का पारा भी चढ़ा रहा है। इसी क्रम में अब ताजा मामला एनसीईआरटी की किताब से जुड़ा है। एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में प्रकाशित एक नक्शे ने राजस्थान में नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस नक्शे में राज्य की सभी 19 रियासतों और तीन ठिकानों लावा, कुशलगढ़ और नीमराना को मराठा साम्राज्य का हिस्सा दर्शाया गया है। इस पर कई इतिहासकारों और राजस्थान के पूर्व राजघरानों के सदस्यों ने आपत्ति जताई है।

**इतिहासकारों और राजस्थान के पूर्व राजघरानों के सदस्यों ने जताई नाराजगी**

**मेवाड़ राजपरिवार ने दर्ज कराई आपत्ति**




मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और नाथद्वारा से भाजपा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, उनकी पत्नी व राजसमंद से सांसद महिमा कुमारी, जैसलमेर और अन्य राजपरिवारों के सदस्यों ने विरोध जताते हुए इसे ऐतिहासिक तथ्यों के विरुद्ध बताया है। उनका कहना है कि इस तरह का चित्रण छात्रों को भ्रमित करता है और राजस्थान के गौरवशाली इतिहास को धूमिल करने का प्रयास है। विशेषज्ञों के अनुसार राजस्थान की कई प्रमुख रियासतें विशेषकर मेवाड़, जैसलमेर, बीकानेर आदि मराठा साम्राज्य का हिस्सा कभी नहीं रही हैं। मेवाड़ रियासत ने न केवल मुगलों बल्कि मराठों के हस्तक्षेप का भी डटकर विरोध किया था और अपनी स्वतंत्र पहचान को कायम रखा था।

### विवादित नक्शे और जानकारी की समीक्षा की जाए

पूर्व राजपरिवारों का आरोप है कि इस तरह की प्रस्तुति उनके पूर्वजों के बलिदान और त्याग को नजरअंदाज करती है, जो कि इतिहास के साथ अन्याय है। नाथद्वारा विधायक और मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह ने एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय से मांग की है कि इस विवादित नक्शे और उससे संबंधित जानकारी की समीक्षा की जाए और आवश्यक संशोधन किए जाएं। वही, इतिहासकारों ने भी कहा है कि स्कूली किताबों में इतिहास से जुड़े तथ्यों को प्रस्तुत करते समय अत्यधिक सावधानी और प्रमाणिकता जरूरी है, ताकि छात्रों को सही जानकारी मिल सके।

## खबर संक्षेप



### एरिजोना में क्रैश हुआ विमान, 4 की मौत

**एरिजोना।** अमेरिका के एरिजोना राज्य में नावा जो नेशन क्षेत्र में मंगलवार को एक छोटा मेडिकल ट्रांसपोर्ट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। इस हादसे में विमान में सवार चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी नावा जो जनजाति के अधिकारियों ने दी। इस दुर्घटना में शामिल विमान बीचक्राफ्ट किंग एयर 300 था, जो सीएसआई एविएशन कंपनी का था। यह विमान न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क शहर से उड़ा था और उसमें दो पायलट व दो स्वास्थ्य कर्मी सवार थे।

### भारत में 84,000 गेमिंग खातों की जानकारी लीक



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेम खेलने के बढ़ते चलन के बीच वैश्विक साइबर सुरक्षा और डिजिटल गोपनीयता कंपनी कैस्परस्की ने कहा कि गत वर्ष भारत में 84,000 से ज्यादा ऑनलाइन गेमिंग खातों की जानकारी लीक हुई है। पिछले साल दुनियाभर में 1.10 करोड़ यूजरों की निजी जानकारी लीक होने की घटनाएं सामने आई थीं। रिपोर्ट के अनुसार एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यूजरों की जानकारी लीक होने की सबसे ज्यादा 1,62,892 घटनाएं थाईलैंड में हुईं। जबकि, सिंगापुर में सबसे कम 4,262 ऐसी घटनाएं सामने आईं।

### नवरोकी ने पोलैंड के राष्ट्रपति पद की शपथ ली



**वॉरसा।** रूढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने बुधवार को पोलैंड के नए राष्ट्रपति की शपथ ली। जून में हुए दूसरे दौर के चुनाव में नवरोकी ने जीत हासिल की थी। ट्रंप समर्थित नवरोकी (42 वर्षीय) इतिहासकार रहे हैं, जिन्हें चुनाव प्रचार से पहले कोई राजनीतिक अनुभव नहीं था। 2015 से 2023 तक पोलैंड पर शासन करने वाली कंजर्वेटिव लॉ एंड जस्टिस पार्टी में शामिल होने से पहले तक वे किसी राजनीतिक दल के सदस्य भी नहीं थे। नवरोकी को गर्भपात और एलजीबीटीक्यू का विरोधी माना जाता है।

# दोनों देश यूक्रेन संघर्ष में भी रूस से खरीद रहे कई उत्पाद

## भारत ने यूएस-ईयू की आंकड़ों से खोली पोल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रूस से कारोबार को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं। भारत ने बीते कुछ महीनों से लगातार अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का हवाला देते हुए रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर किसी भी दबाव में न झुकने की बात कही है।

भारत ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहने के बावजूद रूस से अलग-अलग उत्पाद खरीद रहे हैं। भारत ने अमेरिका पर परमाणु कार्यक्रम के लिए उत्पाद खरीदने और ईयू पर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से लगातार कारोबार जारी रखने की बात कही। वहीं, मंगलवार को ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि अमेरिका रूसी रसायनों और उर्वरकों का आयात करता है। उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। हमें इसकी जांच करनी होगी।

◆ *यूएस और रूस के बीच कारोबार 5.2 अरब डॉलर*

◆ *ईयू और रूस के बीच कारोबार 77.9 अरब डॉलर*



### भारत और यूएस के बीच 130 अरब डॉलर का व्यापार

बीते कुछ वर्षों में भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा आयातक रहा है। दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2024 में करीब 130 अरब डॉलर का कारोबार हुआ है। इसमें से 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत की तरफ से अमेरिका को होता है। वहीं, भारत कुल मिलाकर अमेरिका से 42 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है।

**यूएस खरीद रहा फर्टिलाइजर और केमिकल**

यूरोपीय संघ की तरह ही अमेरिका भी रूस से कारोबार में जुटा है। 2024 में अमेरिका-रूस का कारोबार करीब 5.2 अरब डॉलर का रहा है। अमेरिका ने अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के लिए पैलेडियम खरीदना जारी रखा है।

### *ईयू लंबे समय से रूस का ऊर्जा आयातक*

*भारत ने कहा कि 2024 में ईयू और रूस का कारोबार करीब 77.9 अरब डॉलर था, जबकि इस दौरान भारत-रूस का कारोबार 68.7 अरब डॉलर था। यानी ईयू से 9.2 फीसदी कम। ईयू लंबे समय से रूस से सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में से एक रहा है। 2021 में ईयू और रूस का कारोबार करीब 297.4 अरब डॉलर का था। अकेले 2024 में यूरोप ने 1.64 करोड़ टन एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) का आयात किया, जो कि उसके 2022 के 1.52 करोड़ टन आयात के पिछले रिकॉर्ड से 9 प्रतिशत ज्यादा है। मौजूदा समय में यूरोप जिन चीजों का आयात रूस से करता है, उसका दो-तिहाई हिस्सा तेल-गैस का है। इसके अलावा ईयू खाद्य पदार्थ, कच्चे पदार्थ, मशीनरी और परिवहन से जुड़े उपकरण भी रूस से खरीदता था।*

### ईयू को तेल निर्यात बंद होने से भारत को होगा नुकसान

दूसरी तरफ यूरोप की तरफ से हाल ही में फैसला किया गया है कि वह न तो रूस से खुद तेल खरीदेगा और न ही दूसरे देशों से रूस से लिए गए रिफाइन किए हुए तेल को खरीदेगा। इससे आने वाले समय में भारतीय रिफाइनरियों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है। भारत ने जहां 2019 में यूरोप को 5.9 अरब डॉलर का तेल निर्यात किया था, तो इस वित्त वर्ष में उसने ईयू को 20.5 अरब डॉलर का तेल निर्यात किया। अगर भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया तो पश्चिम एशियाई देशों से तेल की मांग बढ़ जाएगी। यानी पहले से ही ओपेक में शामिल जो देश यूरोप को बढ़ी हुई मात्रा में तेल सप्लाई कर रहे हैं, उन पर भारत की तेल जरूरतों को पूरा करने का दबाव बनेगा।

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की अचानक घोषणा से अमेरिका में बढ़ी हलचल

# उपराष्ट्रपति वेंस को बताया मागा का 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी

*कहा- वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे, विदेश मंत्री मार्को रूबियो हो सकते हैं वेंस के साथी*

डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनके मागा आंदोलन के 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी हो सकते हैं, जबकि विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी 'किसी न किसी रूप में' उनके साथ जुड़ सकते हैं। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उत्तराधिकारियों के बारे में बात करना 'बहुत जल्दी' है, लेकिन वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इस समय वे शायद सबसे पसंदीदा हैं

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के 6 महीने के अंदर ही उत्तराधिकारी की घोषणा करके हड़कंप मचा दिया है। ट्रंप ने अपने सबसे भरोसेमंद साथी और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को अपना मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) उत्तराधिकारी अभी से घोषित कर दिया दिया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उपराष्ट्रपति वेंस उनके 'सबसे संभावित' मागा उत्तराधिकारी हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनके मागा आंदोलन के 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी हो सकते हैं, जबकि विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी 'किसी न किसी रूप में' उनके साथ जुड़ सकते हैं। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उत्तराधिकारियों के बारे में बात करना 'बहुत जल्दी' है, लेकिन वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इस समय वे शायद सबसे पसंदीदा हैं।



उपराष्ट्रपति जेडी वेंस



विदेश मंत्री मार्को रूबियो

### 40 वर्षीय वेंस ट्रंप के बेहद करीबी

40 वर्षीय जेडी वेंस ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं। वह पूर्व मरीन और 2023 से 2025 तक ओहायो के सीनेटर रहे हैं। वह ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रुबियो और वेंस उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर चुके हैं, लेकिन अब वे ट्रम्प की नीतियों को बढ़ावा देने के लिए करीब से काम कर रहे हैं। यह पहली बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने वेंस को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में संकेत दिया है। ट्रंप ने मई में वेंस और रुबियो दोनों को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में नामित किया था।

### रूबियो हो सकते हैं उपराष्ट्रपति के दावेदार

ट्रंप ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी किसी न किसी रूप में जेडी वेंस के साथ जुड़ सकते हैं। ट्रंप ने पहले 2028 के उत्तराधिकारी के लिए किसी भी समर्थन से इनकार किया था। फरवरी में ट्रंप ने कहा था कि वेंस 'बहुत सक्षम' हैं, लेकिन उन्हें प्रमुख उम्मीदवार के रूप में नामित करना अभी 'बहुत जल्दी' है।

### अचानक व्हाइट हाउस की छत पर पहुंचे ट्रंप

## करीब 20 मिनट बिताए, कहा टहलना सेहत के लिए अच्छा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को अचानक व्हाइट हाउस के पश्चिमी विंग की छत पर दिखाई दिए। ट्रंप सुबह में स्टेट डाइनिंग रूम से जुड़े एक दरवाजे से निकले। प्रेस ब्रीफिंग रूम और रोज गार्डन के ऊपर वाली छत पर चले गए। उन्होंने वहां करीब 20 मिनट बिताए और नीचे के मैदान का भी जायजा लिया, जिसमें हाल ही में बना रोज गार्डन का नया रास्ता और बाग-बगीचे का काम भी शामिल था। एक पत्रकार ने पूछा, 'सर, आप छत पर क्यों हैं?' इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, 'थोड़ा टहल रहा हूं। ये सेहत के लिए अच्छा होता है।' ट्रंप के साथ कुछ लोग भी थे, जिनमें एक वास्तुकार जेम्स मैकक्रेरी शामिल थे, जो हाल ही में घोषित 20 करोड़ डॉलर की लागत वाली नई बॉलरूम परियोजना पर काम कर रहे हैं।



**पैसे खर्च करने का तरीका ढूंढ रहा**

*ट्रंप धीरे-धीरे चल रहे थे, छत और नीचे के इलाकों की तरफ इशारा करते हुए कुछ बातें कर रहे थे। कई बार वह प्रेस वालों की तरफ मुड़े और हाथ हिलाकर या हाथ से आवाज को जोरदार बनाकर सवालों के जवाब दिए। एक बार उन्होंने कहा कि वह 'देश के लिए पैसे खर्च करने का एक और तरीका' ढूंढ रहे हैं। जब एक पत्रकार ने पूछा कि आप क्या बनाने वाले हैं, तो ट्रंप ने मजाक में कहा, 'परमाणु मिसाइलें।'*

### अमेरिका के रक्षा सहयोग को बड़ा झटका

## नाटो सहयोगी देश स्पेन व पुर्तगाल ने एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदी डील की रद्द

यूरोपीय फाइटर जेट प्रोजेक्ट में शामिल होंगे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नाटो का भरोसेमंद सहयोगी स्पेन और पुर्तगाल ने एफ-35 विमानों को खरीदने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। स्पेन के सरकारी सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के एफ-35 विमानों की डील रद्द कर दी गई है। यह खबर अमेरिका के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि एफ-35 को दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान माना जाता है। लेकिन अब इसके खरीदारों की कमी साफ दिख रही है। स्पेन ने 2023 में अपने रक्षा बजट में नए लड़ाकू विमानों के लिए लगभग 7.24 अरब डॉलर का प्रावधान किया था।

माना जा रहा था कि यह राशि एफ-35 जैसे हाई-टेक विमानों की खरीद में इस्तेमाल होगी। लेकिन इस साल रक्षा क्षेत्र के लिए मिले अतिरिक्त 10.5 अरब यूरो को यूरोप में ही खर्च करने की स्पेन की योजना ने सारी तस्वीर बदल दी। सरकार ने साफ कर दिया कि वह अमेरिकी विमानों के बजाय यूरोपीय रक्षा उपकरणों पर ध्यान देगी। इस फैसले ने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**टैरिफ की धमकी को जवाब**

*स्पेन के समाजवादी पीएम पेड्रो सांचेज ने इस साल की शुरुआत में रक्षा खर्च को बढ़ाकर नाटो के तय 2% जीडीपी लक्ष्य को पूरा करने का वादा किया था। लेकिन जून में हुए नाटो सम्मेलन में उन्होंने खर्च को 5% तक बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया। इस बात से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भड़क गए। ट्रंप ने स्पेन को चेतावनी दी कि अगर वह रक्षा खर्च नहीं बढ़ाता, तो उसके सामानों पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाएंगे। ट्रंप की यह धमकी स्पेन के फैसले को और पक्का करने का कारण बनी।*

**सर्वोत्तम विकल्प तलाशेंगे: पुर्तगाली रक्षा मंत्री**

*यूरोपीय देश पुर्तगाल ने भी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने से इनकार कर दिया है। पुर्तगाल, अमेरिकी जेट छोड़कर यूरोपीय फाइटर जेट प्रोजेक्ट में शामिल हो सकता है। पुर्तगाली रक्षा मंत्री नूनो मेलो ने अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 खरीदने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है।*

## कनाडा में लगी प्रभु श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा




**टोरंटो।** कनाडा के मिसीसॉगा शहर में प्रभु श्रीराम की 151 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची राम प्रतिमा है। इससे हिंदू श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। मिसीसॉगा शहर में रविवार को हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भगवान राम की सबसे ऊंची प्रतिमा का भव्य अनावरण हुआ। आधार से उसकी ऊंचाई 51 फीट से भी ज्यादा ऊंची हो सकती है। इस प्रतिमा की स्थापना के साथ ही कनाडा जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

### *पाकिस्तानी रक्षा मंत्री आसिफ बोले*

## देश के आधे अफसर भ्रष्टाचारी पुर्तगाल में खरीद रहे कई प्रॉपर्टी

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को देश की टॉप ब्यूरोक्रेसी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने एक्स पर कहा कि पाकिस्तान के आधे से ज्यादा अफसर पुर्तगाल में संपत्ति खरीद चुके हैं और वहां की नागरिकता लेने की तैयारी कर रही है।




आसिफ ने कहा कि ये बड़े-बड़े नौकरशाह हैं, जो अरबों रुपए की भ्रष्टाचार करके आराम से रिटायरमेंट की जिंदगी जी रहे हैं। अफसरशाही हमारी जमीन को गंदा कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तानी पंजाब के पूर्व सीएम उस्मान बुजदार के करीबी एक सीनियर नौकरशाह को उसकी बेटी की शादी में 4 अरब पाकिस्तानी रुपए की सलामी (गिफ्ट) मिले थे। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स पुर्तगाल को कम जोखिम वाला देश मानता है। ब्रिटेन और यूएई जैसे देशों पर सख्त निगरानी है, इसलिए पाकिस्तानी नौकरशाह पुर्तगाल को मनी लॉन्ड्रिंग के लिए सुरक्षित ठिकाना मानते हैं।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का दावा

## भाड़े के चीनी-पाक सैनिक लड़ा रहा रूस ताजिकिस्तान व उज्बेकिस्तान कर रहे मदद

एजेंसी ▸▸ कीव

चीन और पाकिस्तान का एक और चरित्र यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उजागर किया है। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान के भाड़े के सैनिक रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे हैं। रूस को ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों का भी समर्थन मिल रहा। यूक्रेन ने कहा कि वह एक क्रूर युद्ध से जूझ रहा है जिसने अनगिनत लोगों की जान ले ली है और लाखों लोगों को विस्थापित किया है। उत्तर कोरियाई सेना के रूस के समर्थन में



सीधे संघर्ष में उतरने की खबरें पुष्ट हुई हैं। जेलेंस्की ने खारकीव में अग्रिम पंक्ति के सैनिकों के दौरे पर अपने योद्धाओं से मुलाकात के वक्त यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में हमारे योद्धा चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, पाकिस्तान व अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों की भागीदारी की रिपोर्ट कर रहे हैं।

**रूसी ड्रोन्स में भारतीय पुर्जे**

*यूक्रेन ने दावा किया है कि रूसी अटैक ड्रोन्स में उसे भारत में बनाए गए पुर्जे मिले हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने कहा कि रूस को विदेशी पुर्जों की आपूर्ति रुकनी चाहिए, ताकि वो इनका इस्तेमाल यूक्रेनी लोगों की जान लेने में न कर पाए। एंड्री यरमक ने यह दावा ऐसे वक्त पर किया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर आरोप लगा रहे हैं कि भारत रूसी ऑयल खरीदकर रूस की मदद कर रहा है।*

### *सीडीएस अनिल चौहान का बड़ा बयान*

## पाक को जवाब देने 24 घंटे 365 दिन तैयार रहना होगा

### भारत की सैन्य तैयारी उच्च स्तर की हो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बड़ा बयान दिया है। मंगलवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीएस चौहान ने कहा है कि भारत को पाकिस्तान की ओर से किए गए किसी भी तरह की हिंसक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने ये भी कहा है कि आतंकवादी पाकिस्तान के किसी भी हिस्से में छिप नहीं सकते हैं। चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के 'पूर्ण-आयामी प्रतिरोध सिद्धांत' को चुनौती देने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि भारत की सैन्य तैयारी उच्च स्तर की होनी चाहिए। सेना को चौबीसों घंटे और वर्ष के 365 दिन तैयार रहने की जरूरत है। सीडीएस चौहान ने कहा कि युद्ध और शांति के बीच बहुत कम अंतर है और ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध और शांति एक दूसरे में विलीन हो रहे हैं।



### प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा, 24 देशों में किया सर्वे

## 35 प्रतिशत लोगों ने भारत को बताया अमेरिका का साझेदार

**24 में से 12 देशों ने अमेरिका को माना साझेदार**

*सूची में इजराइल सबसे ऊपर, भारत 12वें स्थान पर*

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका को लेकर एक ही देश में रहने वाले लोगों की अलग-अलग राय है। कोई उसे अपना दोस्त मानता है, जबकि कोई उसे दुश्मन मानता है। इसको लेकर 24 देशों का एक सर्वे सामने आया है। अमेरिका ने दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इस वजह से कई देश खासे नाराज हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले को गलत मान रहे हैं। इस बीच अमेरिकी प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट ने एक डाटा तैयार किया है, जिसमें बताया गया है कि दुनिया के कौन से देश अमेरिका को अपना साझेदार और खतरा मानते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे के मुताबिक, 24 देशों में 12 देशों ने अमेरिका को अपना साझेदार माना है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर इजराइल है और टॉप 5 में कनाडा, यूके, जापान, और साउथ कोरिया शामिल हैं। सर्वे के मुताबिक, भारत भी अमेरिका को अपना साझेदार मानता है। इस मामले में भारत 12वें स्थान पर आता है। उससे ऊपर अर्जेंटीना, पोलैंड, इटली, ब्राजील, मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया और भारत हैं। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये रही है कि सिर्फ 19 फीसदी लोगों ने रूस को भारत का साझेदार बताया और 35 फीसदी लोगों ने अमेरिका के हक में अपनी बात कही है।




### *कइयों का मानना चीन उनके देश के लिए बड़ा खतरा*

*सर्वे में शामिल 10 यूरोपीय देशों में से 8 में रूस को सबसे आम खतरा बताया है। फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम में लगभग आधे या उससे ज़्यादा वयस्क मानते हैं कि रूस उनके देश के लिए सबसे बड़ा ख़तरा है। अमेरिका और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कई लोग मानते हैं कि चीन उनके देश के लिए सबसे बड़ा ख़तरा है। ऑस्ट्रेलिया और जापान में लगभग आधे वयस्क यही मानते हैं, जबकि दक्षिण कोरिया के लोगों का मानना है कि उत्तर कोरिया के बाद उनके चीन दूसरे नंबर का खतरा है।*

### अमेरिका के लिए कनाडा बड़ा खतरा और सहयोगी भी

प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक, कई लोग अमेरिका को अपने देश के लिए बड़ा खतरा मानते हैं। इसमें पड़ोसी देश कनाडा और मेक्सिको के साथ-साथ अर्जेंटीना, ब्राजील और केन्या लिस्ट शामिल हैं। ये दोनों तरह के हालात में अमेरिका को टॉप पर रखते हैं। कनाडा और ब्रिटेन में लगभग आधे या उससे ज़्यादा वयस्क अमेरिका को अपना सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी मानते हैं। 18% अमेरिकी ब्रिटेन को अपना सबसे बड़ा सहयोगी मानते हैं (सबसे आम प्रतिक्रिया) जबकि 12% कनाडा को अपना दूसरा सबसे आम सहयोगी मानते हैं। अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा और मैक्सिको ये सभी देश साउथ और नॉर्थ अमेरिका महाद्वीप में स्थित हैं।